
उपकार हॉस्पिटल
वाराणसी में कैंसर का विश्वस्तरीय ईलाज
डॉ. स्वप्निल पटेल
एम.एस. (सर्जरी) एम्स दिल्ली (गोल्ड मेडलिस्ट)
एम.सी.एच. (आंको सर्जरी) टाटा कैंसर हॉस्पिटल, मुम्बई
पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, महामना टाटा कैंसर हॉस्पिटल बी.एच.यू.
टाटा कैंसर मुम्बई एवं एम्स न्यू दिल्ली के अनुभवी कैंसर सर्जन
पूर्वांचल के एकमात्र लैप्रोस्कोपिक आंको सर्जन
बी.एच.यू. रोड सुन्दरपुर, वाराणसी 8115476767, 8188088515



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 15 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक





अब घर बैठे बुक करें अपने मनपसंद गहनें
Whatsapp 9936105529, 9569262134 for DESIGN
हर यादगार लम्हे के लिये
श्री हरे कृष्णा ज्वेलर्स
•Gold •Diamond •Silver •Gem Stone
T & C Apply
भेलूपुर : 9936105529, सुन्दरपुर : 8009091198, लहुराबीर : 8009091196
अर्दली बाजार : 9936105527, पहड़िया : 8009091199, शिवपुर : 9936105528



वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 102 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया



## जैन धर्म

के आठवें तीर्थंकर चन्द्रप्रभु एवं तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के

जन्म एवं तप कल्याणक

## महामहोत्सव





के अवसर पर अहिंसा, जीयो और जीने दो की उद्घोषणा के साथ सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

विजय कुमार जैन 9415225395

आदीश जैन 9336902686

आयुष जैन 8840461145

ISO 9001:2015

SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products

Vocal For Local



## जैन एजेन्सीज

17 ए, नील काटेज, मलदहिया, वाराणसी-221002

Mob. 9336902686, 9415225395

Email: jainagencies3@gmail.com






... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 15 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 102 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया, पेज-3










## ममता की हिटलर से तुलना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में गर्माहट तेज है। इसी बीच पश्चिम बंगाल भाजपा की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने राज्यभर की राजनीति में एक नए सियासी तूफान को जन्म दे दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा कटाक्ष करते हुए उनकी तुलना जर्मनी के शासक एडोल्फ हिटलर से की। साथ ही ममता बनर्जी को बंगाल का तानाशाह बताते हुए लिखा 'तानाशाह की तिलमिलाहट'।

## गैस चैंबर बनी राजधानी! एनसीआर में बिगड़े हालात; 500 पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली।** हवा की धीमी गति और खराब मौसम ने दिल्ली को गैस चैंबर बना दिया है। सोमवार को लगातार तीसरे दिन हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई। वहीं, स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, अशोक विहार में एक्यूआई 500 आया बवाना में 472, बुराड़ी में 454, चांदनी चौक इलाके में 438 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

## मोदी जॉर्डन के लिए रवाना: भारत यहां से खरीदता है 40 प्रतिशत फर्टिलाइजर

**नई दिल्ली/अम्मान।** पीएम मोदी आज सुबह जॉर्डन के लिए रवाना हो गए हैं। मोदी 15 से 18 दिसंबर तक जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की त्रिपक्षीय यात्रा पर रहेंगे। मोदी जॉर्डन किंग अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन के निमंत्रण पर जा रहे हैं। मोदी 15-16 दिसंबर तक जॉर्डन में रहेंगे। इस दौरान वह भारत-जॉर्डन संबंधों पर जॉर्डन किंग अब्दुल्ला के साथ बातचीत करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है। मोदी 16 दिसंबर को जॉर्डन से इथियोपिया जाएंगे।

## लूथरा बंधुओं का केस अब थाईलैंड के अफसरों के पास

**नई दिल्ली।** उत्तर गोवा के अर्पोरा में स्थित नाइटक्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' में छह दिसंबर को हुए अग्निकांड मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में अब मामले में बड़ी कानूनी कार्रवाई थाईलैंड में होने जा रही है। इस नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ मामला अब बैंकॉक की एक अदालत में सुना जा सकता है, जहां आगे की कार्रवाई पर फैसला होगा। बता दें कि आग की घटना के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेत चले गए थे।

# मोदी के अपमान पर घमासान

## भाजपा ने सोनिया से की माफ़ी की मांग



**नई दिल्ली।** लोकसभा में किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की एक रैली में कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए। उन्होंने इसे भारत के लिए बेहद दुखद समय बताया कि कांग्रेस की पुरानी पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रही है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस का असली मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'खत्म करना' है। यह आरोप तब लगा जब आज दिल्ली में कांग्रेस की मेगा रैली की जगह पर मुख्य विपक्षी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता विवादित नारे लगाते दिखे। न्यूज़ एजेंसी ध्न्एि द्वारा शेयर किए गए विज़ुअल्स में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाते और यह कहते हुए दिखे कि उनका शासन खत्म हो जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पार्टी के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी को कल कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए नारों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। कल की कांग्रेस रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारे लगाए गए। यह कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना निंदनीय है। सोनिया गांधी को इसके लिए देश से माफी मा-ंगनी चाहिए। इस बीच, लोकसभा में किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की एक रैली में कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए। उन्होंने इसे भारत के लिए बेहद दुखद समय बताया कि कांग्रेस की पुरानी पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रही है। रिजिजू ने कहा, 'रैली में कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे और प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए गए।' कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने इस टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया। समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि हमारे राजनीतिक मतभेद भले ही हों, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में बोलते समय हमें संयम बरतना चाहिए। एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल ने कहा कि इस तरह के नारे लगाना सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, वह (नरेंद्र मोदी) प्रधानमंत्री हैं।' रविवार को भाजपा पर विपक्ष द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों का विरोध करने के लिए आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मंजू लता मीना ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 'कबर' नारा लगाया। बाद में जब पत्रकारों ने उनसे इस टिप्पणी के बारे में पूछा, तो उन्होंने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि वह केवल वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने कहा, 'वह (प्रधानमंत्री मोदी) रोजगार, युवाओं, महिलाओं या किसानों की बात नहीं करते। वह मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं।' हालांकि, उनकी इस टिप्पणी ने विवाद को जन्म दिया, जिसके बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मांग की कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

● एनसीपी ने इस टिप्पणी से खुद को अलग किया

● कांग्रेस ने कहा- रैली में लाखों लोग करते हैं भागीदारी हमारे ऐसे संस्कार नहीं

### ऐसे आरोप लगाकर संसद में तमाशा करना चाहती है भाजपा

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह दावा भी किया कि सत्ता रूढ़ पार्टी इस तरह के आरोप लगा कर संसद में तमाशा करना चाहती है। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगेऔर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कथित रूप से दी गई "धमकी "के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर भाजपा सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, "हमारी रैली की बड़ी सफलता के बाद भाजपा ने यह नाटक किया है, जो पूरी तरह निराधार है। रैली में इस तरह का उत्साह पिछले कई वर्षों में कभी नहीं देखा गया।" उन्होंने कहा, "मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि क्या किसी कांग्रेस नेता ने कुछ कहा? बिल्कुल नहीं। रैली में लाखों लोग भाग लेते हैं...राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अभ्रद और अस्वीकार्य का इस्तेमाल हमारी परंपरा नहीं है।" वेणुगोपाल ने दावा किया, "अमित शाह ने लोकसभा में बोलते हुए जिस का इस्तेमाल किया, सौगत रॉय के खिलाफ जिस का उपयोग किया, उसे सब जानते हैं। हमारे ऐसे संस्कार नहीं हैं।" उन्होंने दावा किया कि ये लोग संसद में तमाशा करना चाहते हैं।

## शुरू हो गयी कोहरे की विनाश लीला

**नूंह।** नूंह में कोहरे के कारण दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कई वाहन आपस में भिड़ गए तो वहीं फरीदाबाद में इसी एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कार कंटेनर में घुस गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

### आठ गाड़ियां आपस में टकराईं


**पिलखुवा।** सोमवार तड़के दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हापुड़ स्थित सरस्वती अस्पताल के पास घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। दृश्यता बेहद कम होने से आगे चल रहे वाहन के अचानक ब्रेक लेते ही पीछे से आ रहे वाहन वाहनों पर संतुलन नहीं बना रहने से लगातार टक्कर होती चली गई।

## मनरेगा की जगह अब 'जी राम जी'

● संसद में नया बिल पेश करेगी सरकार, 125 दिन रोजगार की मिलेगी गारंटी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह पर एक नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि सरकार ने मनरेगा को समाप्त करने और ग्रामीण रोजगार के लिए एक नया कानून लाने के लिए विधेयक की प्रति लोकसभा के सांसदों को बांटा है। जानकारी के अनुसार, इस विधेयक का नाम 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025' होगा। इसके आम तौर पर VB-G RAM G (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण) के नाम से जाना जाएगा। माना जा रहा है कि इस विधेयक का उद्देश्य एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना। बताया जा रहा है कि नया विधेयक हर ग्रामीण परिवार को हर वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की संवैधानिक गारंटी प्रदान करेगा। लोकसभा में इसपर जल्द ही चर्चा होने की संभावना है। इस नए विधेयक के कानून बनने के बाद रोजगार की गारंटी उन परिवारों को मिलेगी, जिनमें युवा सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए खुद को तैयार करते हैं। इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि काम पूरा होने के एक सप्ताह या 15 दिनों के अंदर पेमेंट कर दिया जाए। अगर तय समय सीमा के अंदर पेमेंट नहीं किया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है।



# आलोचना करने वाले विधायक को कांग्रेस ने दिखाया बाहर का रास्ता

## सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर गिनायीं थी पार्टी की ख़ामियां



**भुवनेश्वर/नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय समिति (एआईसीसी) ने पूर्व विधायक मोहम्मद मोकिम को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का प्रस्ताव मंजूर किया है। कांग्रेस का यह निर्णय मोकिम की तरफ से हाल ही में कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे एक तीखे पत्र के बाद आया। इस पत्र में मोकिम ने पार्टी की वर्तमान कठिन परिस्थितियों और आंतरिक चुनौतियों को लेकर चिंता जताई थी। राहुल गांधी के अमूमन गायब रहने पर अफसोस जाहिर किया था तो वहीं 83 वर्षीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उम्र और नेतृत्व शैली पर भी गंभीर सवाल उठाए थे। लिखा था कि कांग्रेस की कमजोर होती संगठनात्मक स्थिति और नेतृत्व की कमियों के कारण पार्टी अपनी विरासत खो रही है, यह बाहरी विपक्षियों की वजह से नहीं बल्कि आंतरिक फैसलों के कारण हो रहा है। मोकिम ने इस बात पर भी जोर दिया था कि वह खुद लगभग तीन साल से राहुल गांधी से मिलने में असमर्थ रहे हैं।

● राहुल गांधी के गायब रहने और खरगे की उम्र पर भी उठाए थे सवाल

## लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का पीएम करेंगे लोकार्पण, साक्षी बनेंगे डेढ़ लाख मेहमान



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बसंतकुंज योजना में बने कमल के आकार वाले राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब डेढ़ लाख लोग लोकार्पण के साक्षी बनेंगे। आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने तो वहीं डेरा डाल दिया और वहीं पर अस्थायी कार्यालय बना लिया है। पूरा एलडीए महकमा इन दिनों प्रेरणा स्थल पर ही है। आयोजन को लेकर विशाल पंडाल बनाने का काम एक सप्ताह से चल रहा है। इसका ढांचा बनकर तैयार हो गया है। इस पर अब वाटरप्रूफ आकर्षक तिरपाल लगाया जाएगा। जिस विशाल मंच से प्रधानमंत्री जनता को संबोधित करेंगे, वह भी सजाया जा रहा है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 15 दिसम्बर, सोमवार, 2025 (5)


छाया : जनमुख डेस्क


तमिल संगमम 4-0 में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार : छाया जनमुख






# मनमानी फीस पर भड़के छात्र

## किया प्रदर्शन, दिया धरना, पुलिस से भी तीखी झड़प



● कोर्स छोड़े जा रहे अधूरे, छोटी-छोटी बातों पर भी लगाया जा रहा जुर्माना

**वाराणसी।** वाराणसी-प्रयागराज हाईवे स्थित काशी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मुख्य गेट पर सोमवार को छात्रों ने जमकर हंगामा किया। सुबह से ही सैकड़ों छात्र कॉलेज गेट पर धरने पर बैठ गए और फीस, परीक्षा प्रणाली व हॉस्टल की अव्यवस्थाओं को लेकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि प्रवेश के समय कॉलेज प्रशासन ने संस्थान को ऑटोनॉमस बताकर एडमिशन कराया था, लेकिन अब परीक्षाएं एकेटीयू (AKTU) के अंतर्गत कराई जा रही हैं। छात्रों का कहना है कि ऑटोनॉमस कॉलेजों में परीक्षा केंद्र उसी परिसर में होता है, जबकि यहां बाहरी सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी असुविधा हो रही है। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने छात्रों को समझाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने छात्रों को समझाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने We Want Justice और KIT हाय हाय के नारे लगाए। उनका कहना है कि फीस मनमाने तरीके से बढ़ाई गई है, प्रैक्टिकल और कोर्स अधूरे हैं और छोटी-छोटी बातों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। छात्रों ने साफ कहा कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। इधर, हालात को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने सोमवार को सभी कक्षाएं रद्द कर परिसर में छुट्टी घोषित कर दिया। इसके बावजूद छात्र कॉलेज गेट पर डटे रहे और प्रशासन से लिखित आश्वासन की मांग करते रहे। छात्रों का आरोप है कि कहीं भी आधिकारिक छुट्टी घोषित नहीं है और कॉलेज प्रशासन उनकी आवाज दबाने के लिए मनमाने तरीके से कॉलेज बंद कर रहा है। छात्रों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे कॉलेज प्रबंधन पर विधिक कार्रवाई और पुरानी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग पर अड़े रहे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकलने और मांगों पर सुनवाई नहीं होने के बाद छात्र-छात्राएं अब आंदोलन के लिए नई रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

## शराब बंदी की मांग को लेकर सड़क पर उतरी महिलाएं, निकाली रैली, लगाया नारा



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** शराब पीने से आए दिन महिलाओं पर हो रही घरेलू हिंसा से परेशान महिलाओं का गुस्सा शराब के खिलाफ एक बार फिर सड़क पर फूट पड़ा। लोक समिति महिला समूह के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की माँग को लेकर बेनीपुररिंग रोड पंचक्रोशी मार्ग पर क्षेत्र के दर्जनों गाँव की महिलाएं सड़क पर उतर गयी। नागेपुर, बेनीपुर, हरपुर, हरसोस, बीरभानपुर, मेहदीगंज,परमानंदपुर, जंसा आदि गांवों से आई सैकड़ों महिलाओं ने जहरीली शराब बिक्री के खिलाफ हरपुर से हरसोस तक पंचक्रोशी मार्ग जोरदार रैली निकाली और नारे बुलंद किए।

## स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान



● 59 को प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र

**वाराणसी।** नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड की ओर से रविवार को बसहीं स्थित एक लान में विशिष्ट कार्य करने वाले 59 वार्डेन एवं स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सहायक उप नियंत्रक विवेक कुमार ने वार्डेन व स्वयंसेवकों द्वारा आपदा प्रबंधन, जन-जागरूकता, कानून-व्यवस्था सहयोग, तथा सामाजिक कार्यों में निभाई गई सक्रिय भूमिका की सराहना की। उन्होंने एस आईआर से वंचित लोगों को फार्म 06 भरवाने और उससे सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी। डिवीजनल वार्डेन ने आगामी होने ट्रेनिंग प्रोग्राम में स्वयंसेवको से भाग लेने की अपील की। अध्यक्षता डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय ने किया। सम्मान समारोह में चयनित वार्डेन और स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई दी गई। संचालन डिप्टी डिवीजनल वार्डेन अरविन्द विश्वकर्मा और धन्यवाद ज्ञापन स्टाफ आफिसर अजय यादव ने किया।

## पोलियो ड्रॉप पिलाकर सीएमओ ने किया अभियान का शुभारंभ



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गाकुण्ड में आयोजित रविवार को बूथ दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

## कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन का दो दिवसीय अधिवेशन सम्पन्न



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उ.प्र. का दो दिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन प्रताप पैलेस परेड कोठी कैण्ट वाराणसी में रविवार को प्रान्तीय कमेटी के चुनाव के साथ सम्पन्न हुआ। कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उत्तर प्रदेश के चुनाव में सर्व सम्मति से अजय बर्मन सहारनपुर अध्यक्ष, शेषनाथ यादव व योगेन्द्र सिंह पीलीभीत उपाध्यक्ष, सुधीर सिंह महामंत्री, नागेन्द्र कुमार सिंह मेरठ उपमंत्री, नायब सिंह वाराणसी, धर्मेन्द्र तिवारी रायबरेली, अरविन्द कुमार सिंह हरदोई, सहायक महामंत्री, ईश्वर सिंह चौहान मुजफ्फरनगर संगठन मंत्री, अरविन्द कुमार अयोध्या कोषाध्यक्ष, मिलेन्द्र कुमार सिंह मण्डलीय मंत्री वाराणसी सहित 18 मण्डलीय मंत्री एवं संतोष सोनकर वाराणसी, विजय कृष्ण यादव गाजीपुर सहित कुल 44 लोग कार्यकारणी के सदस्य निर्वाचित हुए।

## सशक्तिकरण स्नेह सम्मेलन में सम्मानित किए गए बूथ अध्यक्ष



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भारतीय जनता पार्टी वाराणसी जिला एवं महानगर द्वारा केंटोमेंट स्थित होटल डी-पेरिस में बूथ सशक्तिकरण स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वाराणसी लोकसभा अन्तर्गत आने वाली 5 विधान सभाओं के लगभग 2 हजार से भी ज्यादा बूथ अध्यक्ष एवं शक्तिकेंद्र प्रमुख शामिल हुए। 2024 में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में जिन बूथों पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ ऐसे 116 बूथ अध्यक्षों को पार्टी ने अंगवस्त्रम व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

## दुर्गावती बालिका इंटर कॉलेज में लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सूर्या सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल वाराणसी, रोटरी क्लब सनराइज वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गावती बालिका इंटर कालेज, इलिया मे एक दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को उनके घर के पास ही बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ और बीमारियों के प्रति जागरूकता प्रदान करना था। शिविर का उद्घाटन रोटेरियन डी0 एम् गुप्ता, डॉ इंदु सिंह ने विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय सिधेश्वरी प्रसाद सिंह एवं स्वर्गीय रत्नेश्वरी प्रसाद सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरम्भ किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब सनराइज के डॉ राजेश कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार सिंह (भाईजी), देवाशीष अग्रवाल, गीता राय एवं विद्यालय के छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जूनियर, सीनियर कैरम प्रतियोगिता सम्पन्न



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सिंह निकेतन मलदहिया में चल रही प्रतियोगिता के अंतिम दिन अपने अपने वर्ग के सभी चैंपियन खिलाड़ियों सहित प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों और चैंपियन चैंपियनशिप के लिए पुरस्कृत किए गए।। आज खेले गए 18 वर्ष आयु के बालिक वर्ग में आर्य महिला की जागृति सोनी ने वैशाली वर्मा-एपीएस चोलापुरने को हराकर विजेता ट्राफी जीतने में कामयाब रहीं तो वहीं प्रतिभाशाली यथार्थ सिंह सनबीम करुणा ने रुद्र प्रताप सिंह एच एम एस पहाड़िया को हराकर बालक वर्ग की विजेता ट्राफी पर पर कब्जा जमाया। सीनियर महिला वर्ग में सौम्या यादव को पहला स्थान आर्या यादव को दूसरा रिषिता केशरी को तीसरा स्थान और अंशिका सिंह को चौथा स्थान प्राप्त हुआ ।

## सांस्कृतिक संध्या में दिखी कजरी नृत्य की आलौकिक छटां



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण में नमो घाट पर रविवार को सांस्कृतिक संध्या में कजरी नृत्य की अलौकिक छटा देख मेहमान मंत्रमुग्ध हुए। चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को पहली प्रस्तुति के रूप में वाराणसी पब्लिक स्कूल, लोहता के डांस पीजीटी कुमारी मान्या सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने कजरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस भव्य, आकर्षक एवं सुन्दर प्रस्तुति को तमिल संगमम में आये दर्शको ने खूब सराहा। इस रोचक प्रस्तुति को वाराणसी पब्लिक स्कूल के छात्राओं नारायणी, माही, ख्याति, एंजेल, शिवानी, अंशिका, अदिति और अक्षरा ने दिया।

## काशी–तमिल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बाँधा समां

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, तंजावूर द्वारा आयोजित काशी तमिल संगमम 4.0 के तेरहवें दिन रविवार को नमो घाट स्थित मुक्ताकाशी प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर काशी एवं तमिलनाडु से आए कलाकारों ने अपनी विविध और मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

## काशी तमिल संगमम में शामिल हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नमो घाट पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि काशी तमिल संगमम् 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना का सजीव और अनुभवात्मक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि काशी की यह यात्रा सभी के लिए आनंददायक है और यह आयोजन चोल और पांड्य जैसी महान सभ्यताओं से आकार पाई भारत की जीवंत, बहुरंगी जीवन-परंपराओं का उत्सव है।

## अखिल भारतीय चौरसिया महासभा ने किया हिन्दी पंचांग का लोकार्पण



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विगत वर्षों की भाँति अखिल भारतीय चौरसिया महासभा द्वारा वर्ष 2026 (कैलेण्डर) हिन्दी पंचांग का 5वाँ लोकार्पण रविवार को होटल शिवाय ग्रैण्ड सोनारपुरा, शिवाला रोड, वाराणसी में दोपहर 1 बजे होना सुनिश्ति हुआ है जिसके मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया तथा विशिष्ठ अतिथि सुधीर चौरसिया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के अध्यक्ष डा0अजय चौरसिया ने किया तथा संचालन कार्यक्रम संयोजक महानगर अध्यक्ष सोहन लाल चौरसिया ने किया तथा समाज में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए मंच से सम्मान दिया गया। जिसमें संरक्षक कृष्ण मोहनदास चौरसिया, राष्ट्रीय महिला महासचिव गणेशनी, अध्यक्ष श्यामा देवी प्रीती, अंजनी चौरसिया, पूर्व पार्षद कृष्ण चौरसिया, दिनेश चौरसिया महामंत्री अनूप चौरसिया, उपाध्यक्ष विजय चौरसिया, अवधेश चौरसिया, अवनीश चौरसिया, गणेश चौरसिया कोषाध्यक्ष, गौरव चौरसिया, अमित चौरसिया, सुमित चौरसिया दीपक चौरसिया, रितेश चौरसिया, रवि चौरसिया, विकाश चौरसिया, कुंज बिहारी चौरसिया, सनील चौरसिया, मनीष चौरसिया सुनील चौरसिया, चन्द्रमोहन चौरसिया, बाबूलाल चौरसिया, चंचल चौरसिया उपस्थित रहे।

## अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय इण्टर कॉलेज में मनाया गया वात्सल्य समारोह



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय इण्टर कॉलेज चौखम्भा वाराणसी में आज विद्यालय के प्रबंधक पंकज अग्रवाल एल. आई. सी. की अध्यक्षता में आयोजित 'बाल वात्सल्य समारोह' में सर्दी एवं ठंड के मौसम से सुरक्षार्थ समस्त छात्रों को ऊनी टोपी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष बल्लभ दास अग्रवाल 'चम्पालाल', सहायक मंत्री दिनदिनेश कुमार अग्रवाल 'डोरी वाले', प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह, राम कुमार गुप्ता, शम्भू नाथ दूबे, बिमल कुमार त्रिपाठी, रवि कुमार शुक्ला, अंजू टकसाली, शिव शंकर यादव सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति छात्रों का उत्साह वर्धन कर रही थी।

## आईआईए टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी एक्सपो को मिला व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों का साथ

● आयोजन का उद्देश्य एमएस एमई इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा होटल मेरिडियन ग्रैंड में आज एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें वाराणसी के लगभग सभी औद्योगिक व्यापारिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 18 19 दिसंबर 2025 को होटल ताज गेंजेस में आयोजित आई आईए अंतरराष्ट्रीय टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो में सहभागिता हेतु विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईआईए के उपाध्यक्ष आर के चौधरी ने एक्सपो के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की एम एस एमई इकाइयों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना है। एक्सपो में बी टू बी मीटिंग्स के माध्यम से बिजनेस ग्रोथ पर विशेष फोकस किया गया है । सेमिनार के माध्यम से टूरिज्म तथा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के उद्यमियों को सरकार के नियम तथा कानूनों की जानकारी तथा इस सेक्टर को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। आई आई ए के राष्ट्रीय सचिव से दीपक बजाज ने जानकारी दी कि एक्सपो में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश उत्तराखंड दिल्ली हरियाणा पंजाब आदि प्रदेशों से काफी संख्या में एम एस एम ई की उपस्थिति रहेगी। एक्सपो में भाग लेने के लिए अभी तक 5000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं।

**जनमुख परामर्श मंडल**

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

## सुल्तानपुर समाचार

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार श्रमिक की मौत



**करौंदीकला।** गंगापुरकला निवासी बाइक सवार श्रमिक पारसनाथ विश्वकर्मा (45) शनिवार देर शाम सुंदरपुर गांव के पास अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें जौनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां, रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के मुताबिक, पारसनाथ मजदूरी करते थे। वह शनिवार को बांगरकला गांव में काम करने के लिए निकले थे। देर शाम काम खत्म करने के बाद वह बाइक से घर आने के लिए निकले थे। रास्ते में किसी वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पारसनाथ ने हेलमेट नहीं पहना था। घायल अवस्था में उन्हें करौंदीकला सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। सीएचसी से रेफर किए जाने के बाद परिजन पारसनाथ को इलाज के लिए जौनपुर ले गए। वहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। करौंदीकला थानाध्यक्ष ज्ञानेश दुबे ने बताया कि तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पारसनाथ का भरा पूरा परिवार है। उनके चार बेटे सोनू, सत्यम, शिवम व शुभम हैं। पारसनाथ की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## मऊ समाचार

### बुखार के 745 और त्वचा के 788 मरीजों ने कराया इलाज

**मऊ।** चार अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिले के 40 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेले का आयोजन किया गया। 96 चिकित्सकों की टीम ने 2145 मरीजों का उपचार किया। मेले में 35 मरीजों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। मेले में बुखार के 745 मरीजों के बाद त्वचा के 788 मरीज रहे। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 1026पुरुष, 228 बच्चे, 891 महिला शामिल रहीं। मेले में 35 मरीजों के उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया। नगर के हनुमान नगर अस्पताल में 59 तो भरहूं का पूरा में 57 और डोमनपुरा में 81 मरीजों का उपचार किया गया। जबकि पीएचसी मधुबन, दुबारी, नेमडार, सुग्गीचौरी सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 487 मरीजों का निःशुल्क इलाज हुआ। पीएचसी मधुबन पर 82 मरीजों का इलाज हुआ।

## देवरिया समाचार

### सरिया काटते समय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के सुरहां गांव में रविवार दोपहर ग्राइंडर मशीन से सरिया काटते समय बिजली की चपेट में आने से एक 30 युवक की मौत हो गई। घटना के बाद जिंदा होने की आशंका पर परिजन मेडिकल कॉलेज देवरिया ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मची है। पुलिस पोस्टमार्टम कराकर देर शाम को शव परिजनों को सौंप दी। खुखुंदू क्षेत्र के सुरहां गांव निवासी राजा प्रसाद के दो बेटों में रुदल प्रसाद बड़ा बेटा था। जानकारी के अनुसार मृतक का गांव के मुख्य मार्ग किनारे नव निर्मित मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। रुदल रविवार दोपहर में ग्राइंडर मशीन से सरिया काट रहा था। इसी बीच तार में कट होने से वह बिजली की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि शरीर गर्म होने से ग्रामीणों ने उसे मेडिकल कॉलेज देवरिया ले जाने की सलाह दी। जिसपर परिजन और ग्राम प्रधान दिनदयाल यादव रुदल को आनन-फानन में लेकर मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पत्नी अनीता देवी, छह वर्षीय बेटा अजय कुमार, पांच वर्षीय बेटी आरुषि कुमारी, तीन वर्षीय बेटी आरुही का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं दो वर्षीय बेटा गुगुल सबको रोते-बिलखते देख रोए जा रहा था। इस हृदय विदारक घटना से गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है। उधर, पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को जैसे रुदल का शव गांव पहुंचा पत्नी शव से लिपटकर फूट-फूट कर रोने लगी। एसओ दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। देवरिया पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

## भदोही समाचार

### 633 बूथों पर 40 फीसदी बच्चों को पिलाई गई पोलियोरोधी दवा

**ज्ञानपुर।** जिले में पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन 633 बूथों पर 40 फीसदी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने रविवार को जिला अस्पताल से पोलियो अभियान की शुरुआत की। अभियान 22दिसंबर तक चलेगा।

जिले में 2.78 लाख बच्चों को ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य है। जिले में 2,78010 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा रोडवेज, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्ठों, टेंपों, स्टैंड एवं मुख्य चौराहों पर पोलियो का खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए कुल 1947 टीकाकर्मी व 154 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। भानीपुर सीएचसी से अधीक्षक डॉ. शुभांकर श्रीवास्तव, जंगीगंज पीएचसी से डीघ ब्लॉक प्रमुख मनोज मिश्रा, भदोही सीएचसी से अधीक्षक आरबी पाठक आदि ने अभियान की शुरुआत की।

## चंदौली समाचार

### पत्नी को शहद में जहर मिलाकर खिलाया फिर खुद खाया, एक की मौत, पति लड़ रहा जिंदगी की जंग



**चंदौली।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शक के चलते एक पति ने अपनी पत्नी को शहद में जहर मिलाकर खिला दिया। इसके बाद आरोपी पति ने खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना में इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। घटना अलीनगर थाना क्षेत्र के बसनी गांव की है। बताया जा रहा है कि आरोपी पति नशे का आदी था और आए दिन पत्नी से झगड़ा करता था। इसी बीच शक के चलते उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के बाद दोनों की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि पति की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अलीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

## मीरजापुर समाचार

### लोक अदालत आयोजन के अवसर पर पत्र प्रतिनिधियों से एक अनौपचारिक वार्ता




**मीरजापुर।** लोक अदालत का उद्देश्य है कि गरीब लाचार एवं परेशान व्यक्तियों को न्याय प्राप्त हो जिससे वे अपने जीवन को समुचित ढंग से जी सकें। उक्त विचार जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्र ने लोक अदालत के आयोजन के अवसर पर पत्र प्रतिनिधियों से एक अनौपचारिक वार्ता करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ-साथ दया, करुणा, उदारता का भी होना आवश्यक है। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका के प्रति लोगों का विश्वास और रुझान बढ़ा है आम जनता अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत में आकर अपनी समस्याओं को सुलझाने में रुचि दिखा रही है। श्री मिश्र ने कहा कि नियमानुसार गरीब जनता को अधिक लाभ प्राप्त हो यह हम सब न्यायिक अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है।

उन्होंने ने कहा कि न्यायपालिका के प्रति आम जनता का भरोसा बढ़ना इस बात का परिचायक है कि उन्हें समयानुसार न्याय मिल रहा है। जिसके परिणामस्वरूप वे अधिक से अधिक अपनी समस्या लेकर लोक अदालत में पहुंच रहे हैं। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि मेरा मानना है कि न्याय के साथ करुणा न्याय के साथ दया एवं न्याय के साथ उदारता भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब जनता के प्रति जिम्मेदार है और हम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन समुचित ढंग से कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि मैं समय समय पर अपने से बड़े अधिकारियों से भी वार्ता कर समस्याओं को दूर कर जनता को राहत देने का प्रयास करता हूं। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि कहा कि ज्यादा से ज्यादा मुकदमे समाप्त हो हमारे देश में किसान गरीब और परेशान हैं इसलिए उन्हें जल्दी से न्याय मिले यह मेरी प्राथमिकता है।

इस लोक अदालत में कुल 73735 मुकदमे निस्तारित हुए जिसमें 10.6 1 लाख रुपया जुर्माना के रूप में वसूला गया तथा मृतकों व घायलों को 5.40 करोड रुपए का प्रतिकार अवार्ड पारित हुआ इस अवसर पर अपर न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम प्रभारी सचिव श्रीमती गरिमा सिंह मौजूद थी।

## बलिया समाचार

### बलिया में युवक को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

**बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के वंशी पैलेस मोहल्ला में शनिवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर बाइक सवार तीन बदमाशों ने राहुल यादव (25) को गोली मार दी। वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता बच्चा यादव की तहरीर पर पुलिस ने रोबिन सिंह, पवन कुमार, रोहित कुमार व राज पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गई। रसड़ा क्षेत्राधिकारी आलोक गुप्ता ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला कि राहुल शाम को घर के बाहर खड़ा उसी दौरान बाइक सवार तीन युवक पहुंचे बातचीत के दौरान कहासुनी होने लगी। बाइक सवार युवकों ने राहुल को सीने में गोली मारकर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने बताया कि राहुल पर मारपीट व विवाद के कई प्रथमिकी दर्ज है संभावना जताई जा रही है कि पुराने विवाद में ही किसी रंजिशवश युवक पर जानलेवा हमला किया।

## सोनभद्र समाचार

### 1.9 लाख बच्चों को पिलाई गई पोलियोरोधी खुराक

**सोनभद्र।** सोनभद्र में रविवार को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण महाभियान चलाया गया। इस दौरान 1092 बूथों पर 1.9 लाख बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई गई। यह अभियान 21 दिसंबर तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. पीके राय ने मुख्यालय स्थित अर्बन पीएचसी पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर तक



चलने वाले इस अभियान में कुल 3.15 लाख बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान की निगरानी के लिए 33 ट्रांजिट और सात मोबाइल टीमें तैनात की गईं। सीएमओ डॉ. पीके राय ने भी विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। सोमवार से 21 दिसंबर तक 699 टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाएंगी।

सीएमओ ने लोगों से अपील की कि वे शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए पोलियोरोधी खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने मातहतों को निर्देश दिया कि अभियान पूरी गंभीरता से चलाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी बच्चा खुराक पीने से वंचित न रहे।

### 10 टन खैर लदे ट्रक सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र।** अनपरा में वन विभाग की टीम ने दस टन खैर की अवैध लकड़ी से लदे एक ट्रक सहित दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पिपरी रेंज के रानीताली चौकी और मालोघाट टोल के बीच की गई। हालांकि, रेकी कर रहे आधा दर्जन अन्य आरोपी घने कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। प्रभागीय वनाधिकारी कमल कुमार और उप प्रभागीय वनाधिकारी अखिलेश पटेल के निर्देश पर मुखबिर की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रवर्तन दल प्रभारी रेणुकूट राघवेंद्र कुमार के नेतृत्व में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर हाथीनाला की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया।

## जौनपुर समाचार

### 25 महिलाओं को धर्म परिवर्तित कराते दो युवक गिरफ्तार

**सुरेरी।** क्षेत्र के ग्राम सभा देहुआ में रविवार को 25 महिलाओं का धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 20 बाइबल और एक बोतल जल बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक गांव की अनुसूचित बस्ती 20-25 महिलाओं को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने की सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की गई। आरोप है कि मिशनरियों की ओर से एक घर में लोगों को बाइबिल पढ़ाया जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जांच-पड़ताल की। इस दौरान पुलिस ने धर्मांतरण कराते भानपुर (ढुण्ढापुर) निवासी कृष्णा सोनी और प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 20 बाइबिल और एक बोतल जल बरामद किया है।

## आजमगढ़ समाचार

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, ग्राम प्रधान के भाई समेत दो की मौत, एक गंभीर



**जहानागंज।** आजमगढ़-गाजीपुर मार्ग पर नगर पंचायत जहानागंज बाजार के भुजही मोड़ के समीप रविवार सुबह 6.30 बजे आजमगढ़ की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

हादसे में प्रधान के छोटे भाई शशि सिंह (40) मोहम्मद सिद्दीक (25) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तौफीक (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार तीनों खलीलाबाद से कंबल खरीद कर लौट रहे थे। मिली जानकारी मुताबिक गाजीपुर के जखनियां थाना क्षेत्र के सेमऊर गांव निवासी निवासी अजीत सिंह गांव के प्रधान हैं।

छोटे भाई शशि सिंह (40) जखनियां बाजार में गारमेंट्स की दुकान चलाते थे। शशि दुकान में कंबल बेचने के साथ ही अपने बड़े भाई अजीत सिंह के साथ गांव के गरीब परिवार को निशुल्क कंबल हर वर्ष बांटते थे। इस वर्ष भी कंबल व गारमेंट्स के अन्य सामान लेने के लिए कार से दुल्लहपुर निवासी साथी मोहम्मद सिद्दीक (25) और तौफीक (30) के साथ खलीलाबाद गए थे। उधर से वह शनिवार रात घर के लिए निकले थे। वह रविवार सुबह 6.30 बजे जहानागंज थाना क्षेत्र के भुजही मोड़ के समीप पहुंचे ही थे कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

## गाजीपुर समाचार

### चुनाव संचालन समिति गठित, 23 दिसंबर को मतदान

**गाजीपुर।** दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के चुनाव संचालन के लिए पांच सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का गठन कर दिया गया है।

समिति के गठन के साथ ही चुनावी प्रक्रिया की तिथियां भी घोषित कर दी गई हैं। चुनाव संचालन समिति में अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय, छेदीलाल यादव, किशोर सिंह पटेल, अंकेश गिरी और विजय कुमार भारती को सदस्य नामित किया गया है।

चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन दाखिल करने की तिथि 15 और 16 दिसंबर निर्धारित की गई है। मतदान 23 दिसंबर को होगा।

## गोरखपुर समाचार

### आईएमए की नई कार्यकारिणीः डॉ नरेंद्र देव अध्यक्ष, डॉ. भारतेंद्र जैन बने उपाध्यक्ष



**गोरखपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का चुनाव रविवार को सीतापुर आई हॉस्पिटल स्थित आईएमए भवन में संपन्न हुआ। इसमें अगले साल के अध्यक्ष (प्रेसिडेंट इलेक्ट) पद के लिए डॉ. नरेंद्र देव ने जीत हासिल की है। डॉ. भारतेंद्र जैन उपाध्यक्ष बने। डॉ. आरपी शुक्ल ने वर्तमान सत्र के लिए अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया। चुनाव में 770 मतदाता थे। उनमें से 708 चिकित्सकों ने अपने मतदान का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. वीएन गुप्ता, डॉ. बीबी गुप्ता और डॉ. जेपी जायसवाल ने चुनाव संपन्न कराया। मतदान और मतगणना के बाद देर शाम सभी पदों पर विजेता प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई। प्रेसीडेंट इलेक्ट पद पर डॉ. नरेंद्र देव और डॉ. नदीम अर्शद आमने-सामने थे। इसमें डॉ. नरेंद्र देव को 390 और डॉ. नदीम को 312 मत मिले थे। इस तरह डॉ. नरेंद्र ने 78 मतों से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद पर मुकाबला तीन प्रत्याशियों के बीच था। इसमें डॉ .भारतेंद्र जैन 468 मत के साथ विजयी हुए। डॉ. महेंद्र गुप्ता दूसरे और डॉ. सीमा शाही तीसरे स्थान पर रहीं। कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. देवेंद्र कुमार भगनानी ने 412 मत पाकर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी अमरेश कुमार सिंह को 139 मत से शिकस्त दी। डॉ. अमरेश को 273 मत मिले थे।

उपाध्यक्ष नर्सिंग होम एसोसिएशन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ : डॉ. सुरहिता करीम, उपाध्यक्ष, प्रांतीय चिकित्सा संवर्गः डॉ. केपी यादव संयुक्त सचिव, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञः डॉ. दिनेश चंद्रा, वैज्ञानिक सचिवः डॉ. ओंकार राय, स्पोर्ट्स सचिवः डॉ. सतीश कुमार जायसवाल, सांस्कृतिक सचिव, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञः डॉ. बबिता शुक्ला, मीडिया प्रभारी, कार्डियोलाजिस्टः डॉ. पीसी शाही, प्रेसीडेंट एमबीबीएसः डॉ. पीएन श्रीवास्तव, सचिव एमबीबीएसः डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव, लेखा परीक्षकः डॉ. अमित सिंह श्रीनेत, डॉक्टरों के साथ रहेगा संगठन, अवैध अस्पतालों के खिलाफ होगी सख्ती।

## प्रयागराज समाचार

### माघ मेला में बनेंगे अब नौ पांटून पुल, जाम से मिलेगी राहत



**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में अब नौ पांटून पुल बनाए जाएंगे। पहले सात पुल बनाए जाने की योजना थी, लेकिन अब फाफामऊ की तरफ दो नए पुल बनाने का निर्णय लिया गया है। इससे लखनऊ की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संगम तक पहुंचने की राह आसान होगी और शहर में जाम से राहत मिलेगी। 15 दिनों के भीतर पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा और 31 दिसंबर से फाफामऊ से पीपा पुल पर आवागमन शुरू हो जाएगा। शहर को फाफामऊ से जोड़ने के लिए वर्तमान में केवल एक चंद्रशेखर आजाद सेतु है, जबकि सिक्स लेन पुल का काम अधूरा पड़ा है। माघ मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में चंद्रशेखर आजाद सेतु और शहर के भीतर जाम लगने की संभावना बनी रहेगी। अब फाफामऊ की ओर से संगम आने के लिए गंगा पर दो नए पांटून पुल बनाए जाने के निर्णय से बड़ी राहत मिलेगी। लखनऊ, रायबरेली, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ से आने वाले श्रद्धालु फाफामऊ में बनने वाले दो पांटून पुलों से होकर आएंगे और वाहनों की भीड़ भी बंट जाएगी।

## लाइफ मंत्र

# 16 दिसंबर से खरमास शुरू, 16 दिसंबर से विवाह समेत मांगलिक कार्यों पर लग जाएगा विराम

जब सूर्य धनु में प्रवेश करते हैं तो खरमास शुरू होता है। नए साल में 14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा, लेकिन जनवरी में शुक्र उदय नहीं हो रहे हैं। इसके कारण विवाह का मुहूर्त फरवरी के पहले सप्ताह में है। बृहस्पति, शुक्र उदय होने के बाद ही विवाह के मुहूर्त बनते हैं। व्यास ने बताया कि पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक खरमास के दौरान शुभ काम नहीं होते हैं। लेकिन पूजा-पाठ, दान और खरीदारी की जा सकती है। इनमें खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त भी होते हैं और हर दिन अपनी श्रद्धा के हिसाब से जरूरतमंद लोगों को दान दिया जा सकता है। 16 दिसंबर को सुबह 4:18 मिनट पर सूर्य वृश्चिक से निकलकर गुरु की राशि धनु में प्रवेश करेगा। इसके बाद 14 जनवरी को मकर राशि में सूर्य के आते ही खरमास खत्म हो जाएगा। ऐसे में इस एक महीने के दौरान शुभ काम नहीं किए जा सकेंगे। खरमास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि मांगलिक कर्मों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। इन दिनों में मंत्र जप, दान, नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करने की परंपरा है। इस परंपरा की वजह से खरमास के दिनों में सभी पवित्र नदियों में स्नान के लिए काफी



अधिक लोग पहुंचते हैं। साथ ही पौराणिक महत्व वाले मंदिरों में भक्तों की संख्या बढ़ जाती है।

**साल में दो बार आता है खरमास**

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि एक साल में सूर्य एक-एक बार गुरु ग्रह की धनु और मीन राशि में जाता है। इस तरह साल में दो बार खरमास रहता है। सूर्य साल में दो बार बृहस्पति की राशियों में एक-एक महीने के लिए रहता है। इनमें 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक धनु और 15 मार्च से 15 अप्रैल तक मीन राशि में। इसलिए इन 2 महीनों में जब सूर्य और बृहस्पति का संयोग बनता है तो किसी भी तरह के मांगलिक काम नहीं किए जाते हैं।

**सूर्य से होते हैं मौसमी बदलाव**

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सूर्य के राशि परिवर्तन से ऋतुएं बदलती हैं। खरमास के दौरान हेमंत ऋतु रहती है। सूर्य के धनु राशि में आते ही दिन छोटे और रातें बड़ी होने लगती हैं। साथ ही मौसम में भी बदलाव होने लगता है। गुरु की राशि में सूर्य के आने से मौसम में अचानक अनचाहे बदलाव भी होते हैं। इसलिए कई बार खरमास के दौरान बादल, धुंध, बारिश और बर्फबारी भी होती है।

**ज्योतिष ग्रंथ में है खरमास**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक ने बताया कि धनु और मीन राशि का स्वामी बृहस्पति होता है। इनमें राशियों में जब सूर्य आता है तो खरमास दोष लगता है। ज्योतिष तत्व विवेक नाम के ग्रंथ में कहा गया है कि सूर्य की राशि में गुरु हो और गुरु की राशि में सूर्य रहता हो तो उस काल को गुर्वादित्य कहा जाता है। जो कि सभी शुभ कामों के लिए वर्जित माना गया है।

**खरमास में करें भागवत कथा का पाठ**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक ने बताया कि खरमास में श्रीराम कथा, भागवत कथा, शिव पुराण का पाठ करें। रोज अपने समय के हिसाब से ग्रंथ पाठ करें। कोशिश करें कि इस महीने में कम से कम एक ग्रंथ का पाठ पूरा हो जाए। ऐसे करने से धर्म लाभ के साथ ही सुखी जीवन जीने से सूत्र भी मिलते हैं। ग्रंथों में बताए गए सूत्रों को जीवन में उतारेंगे तो सभी दिक्कतें दूर हो सकती हैं।

**खरमास में दान का महत्व**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक ने बताया कि खरमास में दान करने से तीर्थ स्नान जितना पुण्य फल मिलता है। इस महीने में निष्काम भाव से ईश्वर के नजदीक आने के लिए जो व्रत किए जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है और व्रत करने वाले के सभी दोष खत्म हो जाते हैं। इस दौरान जरूरतमंद लोगों, साधुजनों और दुखियों की सेवा करने का महत्व है। खरमास में दान के साथ ही श्राद्ध और मंत्र जाप का भी विधान है। घर के आसपास किसी मंदिर में पूजन सामग्री भेंट करें। पूजन सामग्री जैसे कुमकुम, घी, तेल, अबीर, गुलाल, हार-फूल, दीपक, धूपबत्ती आदि।

**खरमास में क्यों नहीं रहते हैं शुभ मुहूर्त**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक ने बताया कि सूर्य एक मात्र प्रत्यक्ष देवता और पंचदेवों में से एक है। किसी भी शुभ काम की शुरुआत में गणेश जी, शिव जी, विष्णु जी, देवी दुर्गा और सूर्यदेव की पूजा की जाती है। जब सूर्य अपने गुरु की सेवा में रहते हैं तो इस ग्रह की शक्ति कम हो जाती है। साथ ही सूर्य की वजह से गुरु ग्रह का बल भी कम होता है। इन दोनों ग्रहों की कमजोर स्थिति की वजह से मांगलिक कर्म न करने की सलाह दी जाती है। विवाह के समय सूर्य और गुरु ग्रह अच्छी स्थिति में होते हैं तो विवाह सफल होने की संभावनाएं काफी अधिक रहती हैं।

**करें सूर्य पूजा**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक ने बताया कि खरमास में सूर्य ग्रह की पूजा रोज करनी चाहिए। सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य को जल चढ़ाएं। जल में कुमकुम, फूल और चावल भी डाल लेना चाहिए। सूर्य मंत्र ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें।

**मकर संक्रांति पर खत्म होगा खरमास**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक ने बताया कि 15 दिसंबर 2024 से शुरू हो रहा खरमास 2025 के पहले महीने में 14 जनवरी को होगा। पंचांग के मुताबिक जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में आ जाएगा तो मकर संक्रांति होगी। इसके शुरू होते ही खर मास खत्म हो जाता है। 14 जनवरी को सूर्य मकर में प्रवेश करेगा। इसके साथ ही खर मास खत्म हो जाएगा।

**मान्यताः गधों ने रथ खींचा, इसलिए हुआ खरमास**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार भगवान सूर्यदेव सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर लगातार ब्रह्मांड की परिक्रमा करते हैं। सूर्य देव को कहीं भी रुकने की इजाजत नहीं है, लेकिन रथ में जुड़े घोड़े लगातार चलने से थक जाते हैं। घोड़ों की ये हालत देखकर सूर्यदेव का मन द्रवित हो गया और वे घोड़ों को तालाब के किनारे ले गए, लेकिन तभी उन्हें एहसास हुआ कि अगर रथ रुका तो अनर्थ हो जाएगा। तालाब के पास दो खर मौजूद थे। मान्यता के मुताबिक सूर्यदेव ने घोड़ों को पानी पीने और आराम करने के लिए वहां छोड़ दिया और खर यानी गधों को रथ में जोत लिया। गधों को सूर्यदेव का रथ खींचने में जद्दोजहद करने से रथ की गति हल्की हो गई और जैसे-तैसे सूर्यदेव इस एक मास का चक्र पूरा किया। घोड़ों के विश्राम करने के बाद सूर्य का रथ फिर अपनी गति में लौट आया। इस तरह हर साल यह क्रम चलता रहता है। यही वजह है कि हर साल खरमास लगता है।

साल 2026 में शुभ विवाह तिथियां 4 फ़रवरी से शुरू होंगी, क्योंकि जनवरी खरमास में होगी और शुक्र अस्त होगा। फ़रवरी से मार्च तक विवाह संभव हैं, लेकिन खरमास के कारण 14 मार्च से 13 अप्रैल तक विवाह स्थगित रहेंगे। मुख्य विवाह सत्र अप्रैल से जुलाई तक रहेगा।

## गुलाब की पंखुड़ी और दूध देगा गजब का निखार, जानिए Face Pack बनाने का तरीका



चेहरे की खूबसूरती निखारने के लिए गुलाब की पंखुड़ियों और दूध से बना फेस पैक बेहद फायदेमंद होता है। यह त्वचा को प्राकृतिक चमक देता है और उसे मुलायम बनाता है। इसके नियमित उपयोग से आप केमिकल युक्त उत्पादों से दूरी बना सकती हैं। आइए जानते हैं कि इस आसान और प्राकृतिक फेस पैक को घर पर कैसे तैयार करें। सर्दियों के दौरान त्वचा बेहद ही डल और ड्राई नजर आता है। ऐसे में आप अपने चेहरे को ग्लोइंग और सॉफ्ट बना सकती हैं। अक्सर होता है कि हम ट्राई करते हैं कि चेहरे पर ऐसी चीज लगाएं, जो चेहरे के ग्लो को बनाएं रखें लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होता है। अब आप इस तरीके से अपने चेहरे पर जबरदस्त निखार ला सकते हैं। अब आप घर पर ही गुलाब की पंखुड़ी और दूध से बना फेस पैक लगा सकती हैं,जो एकदम गुलाब जैसा निखार देगा।

**गुलाब की पंखुड़ी और दूध के फेस पैक को कैसे बनाएं?**

- सबसे पहले आप 2 से 3 गुलाब के फूले लेकर इनकी पंखुड़ियों को अलग कर दें।
- अब इन पंखुड़ियों को पानी से साफ करके इसे मिक्सी में पीस लें।
- फिर इस गुलाब की पंखुड़ियों का पेस्ट एक कटोरी में रख लें।
- इसमें 2 चम्मच दूध और थोड़ा सा गुलाब जल मिक्स करें।
- इस पेस्ट को अच्छे से मिक्स करने के बाद इसे चेहरे पर लगाएं।

**इस फेस पैक को चेहरे पर कैसे लगाएं?**

- सबसे पहले आप अपना चेहरा क्वलीन कर लें।
- इसके बाद फेस पैक को ब्रश की मदद से चेहरे पर लगाएं।
- फिर इसको कुछ समय तक सूखने दें।
- आखिर में पानी से चेहरा को साफ करें।
- अब आप चेहरे पर मॉइश्चराइजर क्रीम लगाएं। फिर आपको गुलाब जैसा निखार नजर आएगा।

**गुलाब की पंखुड़ी और दूध के फायदे**

- गुलाब की पंखुड़ी में प्राकृतिक तेल मौजूद होता है जो स्किन को हाइड्रेट करता है।
- गुलाब डलनेस को कम करता है।
- दूध स्किन को सॉफ्ट बनाकर उस नेचुरल रुप से चमक प्रदान करता है। दूध में पाया जाता है लैक्टिक एसिड जो त्वचा की ऊपरी परत को हल्के से एक्सफोलिएट करता है, जिससे स्किन टोन साफ और ब्राइट दिखती है।
- अगर आपके चेहरे पर डार्क स्पॉट है, तो इसे कम करने के लिए इन दोनों चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।



## 40 की उम्र में Sonam Kapoor ने प्रेगनेंसी स्टाइल से मचाया तहलका, आप भी बनें परफेक्ट स्टाइलिश मॉम

**सोनम कपूर ने 40 की उम्र में मातृत्व के दौरान अपने शानदार फैशन सेंस से लोगों का दिल जीता है, चाहे वह पारंपरिक देसी अंदाज हो या आधुनिक वेस्टर्न वियर, हर लुक में स्टाइल और कंफर्ट का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। उनके बोल्ड और ट्रेंडी चुनाव साबित करते हैं कि प्रेग्नेंसी के दौरान भी ग्लैमरस और फैशनेबल दिखना नामुमकिन नहीं है।**

40 साल की सोनम कपूर शहर की नई मॉम हैं और अपने शानदार फैशन सेंस से सबका दिल जीत रही हैं। शादी के लिबास से लेकर ट्रेंडी गाउन तक, उनके प्रेग्नेंसी लुक्स साबित करते हैं कि मां बनने के दौरान भी आप स्टाइलिश और ग्लैमरस दिख सकती हैं। आइए, बेबी बंप के साथ उनकी कुछ सबसे बेहतरीन आउटिंग्स पर एक नजर डालते हैं।

**गोल्ड देसी स्टाइल**

मयूर गिरोत्रा के इस खूबसूरत कस्टम आउटफिट में सोनम बेहद हसीन लग रही हैं। उन्होंने गोल्ड टॉप और बॉटम को एक चमकीली लंबी जैकेट के साथ पहना है, जो इस लुक को त्योहारों वाला टच दे रहा है। हैवी ट्रेडिशनल ज्वेलरी और गोल्ड पंजाबी जूतियों ने इस लुक को खूबसूरती से कंप्लीट किया है।

**क्लासी ब्लैक साड़ी**

क्लासिक ब्लैक बनारसी साड़ी की बात ही कुछ और है। अबू जानी और संदीप खोसला की इस साड़ी में जरी का बॉर्डर और लाजवाब कारीगरी है। इस ट्रेडिशनल साड़ी को हाई-नेक, लंबी-बांहों वाले ब्लाउज के साथ स्टाइल किया गया है, जो शाही लुक दे रहा है। उनकी एक्सेसरीज, मेकअप और बाल भी परफेक्ट हैं।

**व्हाइट एलिगेंस**

राहुल मिश्रा के इस खूबसूरत व्हाइट आउटफिट में वह किसी विजन की तरह लग रही हैं। इसमें हाथ की कढ़ाई वाली शानदार स्कर्ट और दुपट्टा है, जिसे बनारसी कट-वर्क सिल्क-कॉटन अंगरखा के साथ पहना गया है। यह स्टाइल और आराम का बेहतरीन मिश्रण है।

**शार्प एंड स्टाइलिश**

प्रेग्नेंसी भी उन्हें ट्रेंडी और स्टाइलिश दिखने वाले कपड़े पहनने से नहीं रोक पाई। ब्लैक स्कर्ट और लंबे कोट के साथ एक प्रिंटेड टॉप सर्दियों की शानदार फैशन की झलक देता है। फेरागामो का यह फिटेड लुक दिखाता है कि कैसे अच्छी फिटिंग वाले कपड़े और मिनिमल एक्सेसरीज भी क्लासिक दिख सकते हैं।

**हॉट पिंक समर**

सोनम का यह हॉट पिंक आउटफिट, जो प्रिंसेस डायना के एक लुक से प्रेरित है, सबका ध्यान खींचने वाला है। बड़े पैडेड कंधों, सॉफ्ट शोल्डर लाइन और बेहतरीन टेलरिंग वाला यह प्योर वूल सूट उन्हें शहर की सबसे हॉट नई मॉम बना रहा था। बता दें, प्रिंसेस डायना ने 1988 में ऐसा ही एक एस्काडा सूट पहना था।

**रीगल मिंट साड़ी**

अनामिका खन्ना की इस मिंट ग्रीन साड़ी में एक्ट्रेस खूब चमक रही हैं। इस साड़ी में लेस का बॉर्डर है और इसके साथ कढ़ाई वाला लंबा ब्लाउज है। यह रंग बिल्कुल फ्रेश है, और वह हमेशा की तरह खूबसूरत लग रही हैं, जिसे उन्होंने सबसे सुंदर गहनों से एक्सेसराइज किया है।

**वाइब्रेंट अर्थी सूट**

एक्ट्रेस इस अर्थी-टोन्ड (मिट्टी के रंग) सूट में बेहद एलिगेंट लग रही हैं जो उन पर आराम से फिट हो रहा है। यह एक सामान्य सूट जैसा लग सकता है, लेकिन इसकी बारीकियां (डिटेलिंग) इसे खास बनाती हैं। यह कढ़ाई वाला कुर्ता डिजाइनर रिम्पल और हरप्रीत की शानदार कारीगरी का नमूना है।

## स्टाइलिश दिखें रोज़ाना! ये सिंगल कड़े बनाएंगे आपके हाथों को और भी खूबसूरत, देखें लेटेस्ट डिज़ाइन्स



अगर आपको भी बैंगल्स पहनने का शौक है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लेटेस्ट सिंगल कड़े डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप रोजाना पहनकर अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

हर महिला अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आउटफिट्स के अलावा ज्वेलरी का भी खास ध्यान देती हैं। वहीं महिलाएं अपने लुक को स्टाइलिश और अट्रैक्टिव बनाने के लिए डेली वियर में खूबसूरत बैंगल्स शामिल करती हैं। ऐसे में अगर आपको भी बैंगल्स पहनने का शौक है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लेटेस्ट सिंगल कड़े डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप रोजाना पहनकर अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

**कुंदन जड़ाऊ कंगन**

अगर आप रोजाना पहनने के लिए बैंगल्स देख रही हैं, तो आप सिंगल कुंदन जड़ाऊ कंगन डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। यह एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह के कड़े पहनने से आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ जाएगी और आपका लुक अट्रैक्टिव और स्टाइलिश लगेगा।

**मल्टीकलर पोनीटेल स्टाइल कड़ा**

अगर आप अपने डेली वियर लुक को अट्रैक्टिव और डिफरेंट बनाना चाहती हैं। तो मल्टीकलर पोनीटेल स्टाइल कड़ा डिजाइंस अच्छा ऑप्शन हो सकता है। आप इस तरह के खूबसूरत मल्टीकलर पोनीटेल स्टाइल कड़ी वियर कर सकती हैं। रोजाना पहनने के लिए ऐसे सिंगल कड़ा एक बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

**रूबी डायमंड सिंगल कड़ा**

अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप रूबी डायमंड सिंगल कड़ा कैरी कर सकती हैं। आप इसको डेली वियर में शामिल कर सकती हैं। इन दिनों ऐसे कड़े डिजाइंस काफी चलन में हैं। यह रोजाना पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। आप इसको ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**मल्टीकलर सिल्क थ्रेड वर्क कड़ा**

अगर आप चाहें तो इस तरह के मल्टीकलर के सिल्क थ्रेड कड़ा डिजाइंस को पहन सकती हैं। इनको आप रोजाना पहन सकती हैं और यह आपके हाथों की खूबसूरती को बढ़ाएंगे। वहीं आप इस तरह के कड़े को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से ले सकती हैं।


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ




होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170